increase their production upto 25% of their registered/licensed capacity if certain conditions are satisfied. The licensing policy and procedures are presently being reviewed by the Industrial Licensing Policy Inquiry Committee. Decision regarding further change, if any, in the industrial licensing procedure will be taken after the report of this Committee become available.

बिना टिकट यात्रा

9026. **श्री बसवन्त** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उपनगरीय रेलवे, मध्य रेलवे बम्बई पर एक 1 मार्च, 1968 से बिना टिकट यात्रा को रोकने के लिए कोई अभियान आरम्भ किया गया है;

(ख) क्या रेलवे बोर्ड ने इस बारे में कोई विशेष आदेश जारी किये थे ;

(ग) मार्च, 1968 में कुल कितने व्यक्ति बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गये और उनमें से कितने तीसरी तथा प्रथम श्रेणी के थे और उनसे कुल कितनी राशि बसूल की गयी ;

(घ) इस अभियान में रेलवे के कितने कर्मचारी लगाये थे ; और

(ङ) गत पांच वर्षों में प्रति वर्ष मार्च के महीने में बिना टिकट यात्रा करने वालों से कुल कितनी राशि वसूल की गई ?

रेलवे मंत्री (श्री च० मु० पुनाचा) : (क) और (ख). यद्यपि मध्य रेलवे ने बम्बई के उप नगरीय खंडों पर 1-3-68 से कोई विशेष अभियान आरम्भ नहीं किया है, फिर भी मध्य रेलवे सहित सभी रेलों को स्थायी अनुदेश हैं बिना टिकिट यात्रा की रोक थाम के लिए उप नगरीय खण्डों सहित रेलवे के सभी खण्डों पर अक्सर सक्रिय रूप से टिकटों की जांच की जाये ।

(ग) मार्च 1968 में मध्य रेलवे के उपनगरीय खंड पर बिना टिकट और अनियमित यात्रा करते हुए पकड़े गये व्यक्तियों की कुल संख्या और उनसे बसूल की गयी रकम इस प्रकार हैं :

	मामले	रकम रु०
पहला दर्जा	4,188	7,077
तीसरा दर्जा	28,684	38,021
जोड़	32,872	45,098

(घ) उपर्युक्त भाग (क) और (ख) के उत्तर को देखते हुए सवाल नहीं उठता ।

(ङ) पिछले पांच वर्षों के मार्च महीने में मध्य रेलवे के उपनगरीय खण्ड पर बिना टिकट यात्रा से वसूल की गई रकम इस प्रकार है :—

वर्ष	रकम
मार्च, 1964	33,311 रु०
मार्च, 1965	32,709 रु०
मार्च, 1966	38,179 रु०
मार्च, 1967	40,080 रु०
मार्च, 1968	45,098 रु०

दीवा-दहानू रेलवे लाइन

9027. **श्री बसवन्त** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य-पश्चिम रेलवे के बम्बई डिवीजन में एक सम्पर्क रेलवे लाइन बनाने के प्रशन पर विचार किया जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो दीवा-दहानू रेलवे लाइन के सम्बन्ध में सर्वेक्षण करने का विचार है;

(ग) क्या यह भी सच है कि इस सम्पर्क रेलवे लाइन के द्वारा औद्योगिक रूप से विकसित क्षेत्र में विविधता लाने में मदद मिलेगी ; और

(घ) यह सर्वेक्षण-कार्य कब तक आरम्भ किये जाने की संम्भावना ?

रेलवे मन्त्री (श्री च० मु० पुनाचा) : (क) से (घ). मध्य और पश्चिम रेलों के बीच